**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम सोमवार के लिए निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा. सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–23 का उत्तर ।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 23 (क) क्या गन्ना विकास तथा चीनी मिले मंत्री बतायेंगे कि जनपद–हरदोई में कुल कितनी चीनी मिलें हैं, उन सरकारी व प्राइवेट चीनी मिलों का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | जिला–हरदोई में केवल निजी क्षेत्र की 03 चीनी मिलें यथा–डी.सी.एम. श्रीराम लि. इकाई–लोनी, डी.सी.एम. श्रीराम लि. इकाई–हरियावाँ एवं डी.सी.एम. श्रीराम लि. इकाई–रूपापुर संचालित हैं। उपर्युक्त के दृष्टिगत इनका विवरण सदन के पटल पर रखे जाने की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती है। |
| (ख) क्या उक्त चीनी मिलों पर गन्ना किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान बाकी है ? | उक्त 03 चीनी मिलों द्वारा कुल देय गन्ना मूल्य रू.1,325.42 करोड़ के सापेक्ष शत–प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। इन चीनी मिलों पर गन्ना किसानों का कोई गन्ना मूल्य भुगतान बकाया नहीं है। |
| (ग) यदि हाँ, तो उक्त बकाये का भुगतान कब तक करायेंगे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

लक्ष्मी नारायण चौधरी
मंत्री
गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उ.प्र.।